स्वास्थ्य संचार

# कोविड प्रश्न पहेली




डॉ अरविन्द कुमार सिंह

राविप्रौसंप NCSTC

कोविड प्रश्न पहेली
अरविन्द कुमार सिंह

ISCOS



# कोविड प्रश्न पहेली

अरविन्द कुमार सिंह

प्रकाशक
राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार
इंडियन साइंस कम्यूनिकेशन सोसायटी

# कोविड पहेलियाँ

## कोरोना काल की विज्ञान पहेलियाँ

## मार्गदर्शन

**श्री राजेन्द्र सिंह**

वैज्ञानिक 'ई' राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद्
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग भारत सरकार नई दिल्ली

## रचयिता

**डॉ अरविन्द कुमार सिंह**

## निर्माण

**डॉ विष्णु प्रताप सिंह**

## डिजाईन

**श्री रवि अग्रवाल**

## प्रकाशक

**इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइयटी**

चन्द्रिका भवन, 577-डी निकट डंडहिया मस्जिद , लखनऊ -226022, भारत

iscos.org; info@iscos.org; +91-8090907153

© 2021 सर्वाधिकार सुरक्षित

ISBN

प्रथम संस्करण : 2021

**COVID PAHELI - Science Puzzles of Corona Times**

# भूमिका

कोविड बीमारी का पूरे विश्व में प्रसार इस सदी की भयानक त्रासदी है। इसका दुखद पहलू यह रहा है पूरी दुनिया अभी भी इससे जूझ रही है। विश्व के अन्य देशों के साथ साथ भारत में भी कोविड बीमारी से पूरे समाज को काफी हैरानी परेशानी हुई है। करोना बीमारी के दौरान विभिन्न प्रकार की बहुत ही दुखद घटनाएं भी समय-समय पर होती रही हैं। इसमें काफी जान माल का नुकसान हुआ है। दूसरी लहर के दौरान इस रोग के मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण से अस्पताल एवं अन्य तंत्र पर काफी दबाव पड़ा और पहले से तैयारी होने के बावजूद इस रोग के रोगियों की संख्या में अपेक्षा से अधिक बढ़ोत्तरी के कारण व्यवस्थाएं कई बार चरमरा सी गई। पहली लहर के बाद यह लगने लगा था कि यह बीमारी समाप्त हो रही है । किंतु दूसरी लहर के दौरान यह बीमारी पहले से भी तेज गति से फैली । पहले संक्रमित मरीजों की संख्या लगातार कम होने और टीका लगाए जाने कारण से लोग धीरे-धीरे इस बीमारी के प्रति लापरवाह होने लगे । इसका परिणाम यह हुआ कि मास्क लगाना, शारीरिक दूरी बनाए रखना, हाथ की नियमित सफाई करने जैसे बीमारी से बचाव के बहुत ही मूलभूत एहतियात को लोग भूल गए और जगह-जगह विभिन्न प्रकार के समारोह आयोजित किए जाने लगे और उसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होने लगे ।

इन सब लापरवाही के कारण से कोरोना वायरस को फैलने में काफी सहूलियत हुई और वह पहले की अपेक्षा कहीं और लोगों को संक्रमित करने लगा और बहुत बड़ी संख्या में लोग इस बीमारी से परेशान होने लगे । इसने एक बहुत ही भयावह स्थिति उत्पन्न कर दी, जिसके लिए शायद लोग पहले से किसी भी तरीके से तैयार नहीं थे और उसी का परिणाम था कि दूसरी लहर के दौरान बहुत से लोग बीमार हुए और कई लोगों की जानें भी गई।

इन सबके बावजूद यदि अपने देश की तुलना अन्य देशों से करें तो हमारे देश में अपेक्षाकृत बीमार और मरने वालों की संख्या कम है। लेकिन देश की जनसंख्या का देखते हुए यह कहा जा सकता है कि यह बीमारी भविष्य में सावधानी न अपनाने पर काफी खतरनाक रूप धारण कर सकती है।

करोना के पहली लहर से सीख लेते हुए सरकार ने पहले से काफी व्यवस्थाएं कर ली थी और इस स्थिति से निपटने के लिए अस्पताल से ले करके जनसामान्य के बीच में जागरूकता काफी आ गई थी। किंतु पहले दौर को काफी हद तक संभाल लेने के कारण से शायद लोगों के मन में इसके प्रति वह सावधानी नहीं रही, जिसकी कि आवश्यकता थी। करोना बीमारी से निपटने के लिए सरकार द्वारा बहुत ही व्यापक स्तर पर टीकाकरण कार्यक्रम आरंभ किया गया है। पहले इसकी रफ्तार भले ही धीमी रही हो और इसके प्रति लोगों की धारणाएं भिन्न भिन्न प्रकार की रही हो, किंतु लगातार जागरूकता फैलाने के कारण से लोग अब टीकाकरण के प्रति काफी संवेदनशील हो गए हैं और स्वयं आगे बढ़ करके इसमें भाग ले रहे हैं।

किन्तु अभी भी करोना बीमारी का जो स्वरूप है, उसके संदर्भ में यही कहा जा सकता है कि इसको रोकने के लिए अथवा इस बीमारी को मिटाने के लिए किसी भी प्रकार का कोई सर्वमान्य निदान नहीं बन सका है । इसलिए एहतियात बरतना ही इस बीमारी के बचन का एक बहुत ही महत्वपूर्ण उपाय है, जिसे कि सभी लोगों को अपनाने की आवश्यकता है। कोविड बीमारी से बचने के लिए मास्क लगाना, लोगों से बीच में आवश्यक दूरी बनाए रखना, भीड़-भाड़ से बच करके रहना, सैनिटाइजर का उपयोग करना बहुत ही आवश्यक हो गया है। यह पाया गया है कि जैसे ही बीमारी की रफ्तार तनिक भी थमती है, तो फिर लोगों की लापरवाही शुरू हो जाती है। अत: लोगों के बीच में सतत् जन जागरण करना अति आवश्यक है और इस जन-जागरण को विभिन्न माध्यमों से ही किया जा सकता है।

वर्तमान में डिजिटल माध्यम एक बहुत ही प्रभावी माध्यम बन गया है। इसके द्वारा लोगों के बीच में किसी भी प्रकार के संदेश को पहुंचाया जा सकता है। लोग इस माध्यम को अन्य माध्यमों की तुलना में कहीं ज्यादा इस्तेमाल करते हैं और इसके साथ इंटरेक्शन करते हैं। ऐसी स्थिति में यदि इस माध्यम द्वारा लोगों के बीच में कोविड से बचने के संदर्भ में सभी प्रकार के आवश्यक उपायों को बताया जाए तो वह संदेश कहीं अधिक तीव्र गति के साथ लोगों के बीच में पहुंचेगा। इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए डॉक्टर अरविन्द कुमार सिंह द्वारा कोविड विषय पर तैयार की गई पुस्तक कोविड प्रश्न पहेली' एक बहुत ही उपयोगी पुस्तक है । इसमें कोविड बीमारी के सन्दर्भ में विविध प्रकार के रोचक प्रश्न किये गये हैं । इसी के साथ उन प्रश्नों के उत्तर भी दिये गये है। यह अपने आप में काफी रोचक है। बच्चों में तो यह विशेष तौर पर लोकप्रिय होगी और कोविड बीमारी को नियंत्रित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। हमें पूर्ण विश्वास है कि यह लोगों के बीच में अपने संदेश को पहॅुचाने में सफल होगी। मैं अपनी तरफ से डाक्टर अरविन्द कुमार सिंह को शुभकामना के साथ इस बात के लिए बधाई देता हूं कि उन्होंने कोविड के बारे में इस प्रकार की ई पुस्तक को तैयार किया है।

प्रो. अजय प्रताप सिहं
पूर्व विभागाध्यक्ष
मानव विज्ञान विभाग
लखनऊ विश्वविधालय
लखनऊ

# मेरी बात

प्रश्न और पहेली किसी व्यक्ति की बुद्धिमता को मापने का एक बहुत ही महत्वपूर्ण तरीका रहा है। इसमें किसी वस्तु, व्यक्ति, स्थान के लक्षण को अप्रत्यक्ष ढंग से बताया जाता है। पहेली में किसी व्यक्ति की ज्ञान अनुभव की पहचान करने वाले प्रश्न होते हैं। इसमें जिस किसी वस्तु आदि की पहेली बनानी होती है, उसके रूप, गुण, आकार आदि के बारे में इस प्रकार से वर्णन किया जाता है जिससे कि सामने वाला व्यक्ति अपने ज्ञान और अनुभव के आधार पर उसका उत्तर दे सके।

पहेली के माध्यम से प्रश्न पूछने की परम्परा बहुत पहले से रही है। पहेली हमारे सामाजिक जीवन का एक हिस्सा रही है। पहेली प्रश्न पूछने के प्रचलन का काफी महत्व रहा है। दुनिया के सभी समाजों में पहेली की रचना की जाती रही है। यह हमारे सभ्यता और संस्कृति का एक अभिन्न अंग रही है। पहेली बच्चों में काफी लोकप्रिय भी रही है। उनके लिए यह एक मष्तिष्क का खेल के समान है। इसलिए वे इसमें रूचि ले करके भाग लेते हैं। हमारे घर, परिवार में भी एक परम्परा रही है कि जिसमें कि लोग दैनिक जीवन में समय समय पर एकत्र हो करके विभिन्न अवसरों पर इस प्रकार के पहेली पूछ करके अपना मनोरंजन करते रहे हैं। हमारे साहित्य और गीतों में भी पहेली पूछने की परम्परा रही है। विभिन्न अवसरों पर इस प्रकार के क्रिया कलाप होते रहे हैं जिसमें कि पहेली के माध्यम से संवाद किये गये हैं।

पहेली को प्राय: छन्दबद्ध रूप में ही प्रस्तुत करते रहे हैं। इसकी एक विशेषता यह भी रही है कि इसे छोटे रूप में ही प्रस्तुत किया जाता रहा है। इसमें आम जीवन से जुड़ करके बातों को ही प्रश्न में शामिल किया जाता रहा है। वर्तमान विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में बाल पृष्ठ पर पहेली कालम दिया जाता रहा है। इसमें बच्चों की रूचि को ध्यान में रख करके ही प्रश्न पूछे जाते हैं। इस प्रकार के पहेली में पारम्परिक जीवन से सम्बन्धित प्रश्न पूछे गये रहते हैं।

आम जनजीवन के कुछ पहेली तो काफी मशहूर और चर्चित रहे हैं और ये पीढ़ी दर पीढ़ी दर चलते रहते हैं। इस प्रकार की पहेली तत्कालीन सभ्यता, संस्कृति से जुड़ करके बनाये गये होते हैं। यह उस समय के जीवन की झलक भी प्रस्तुत करते हैं और जो भी उसे देखा सुना रहता है, वह आसानी के साथ उसका उत्तर दे पाता है। समय के साथ पहेली का स्वरूप भी बदला है। तकनीक की सहुलियत हो जाने के बाद चित्र पहेली भी आरम्भ किया गया है। इसी प्रकार से न्यू मीडिया के आ जाने के बाद बहुत बड़ी संख्या में वेब माध्यम पर भी दिये जाने लगे हैं।

पहेली संवाद का एक ऐसा स्वरूप रहा है जो कि हमारी साहित्य में भी है। यही नही, पहेली के रूप में संवाद शैली में कई फिल्म गीत काफी लोकप्रिय हुए हैं। विभिन्न सन्दर्भो में प्रश्न पूछने की परम्परा काफी पहले से रही है। किसी बात को बहुत स्पष्ट ढंग से कहने क े बजाय जब उसे संकेत रूप में प्रस्तुत किया जाता है तो फिर वह पहेली का रूप धारण कर लेती है। इस प्रकार की संवाद की कई बार आवश्यकता भी हो जाती रही होगी, जिसे कि बाद में एक सुव्यवस्थित रूप दिया गया।

पहेली के सन्दर्भ में एक बहुत ही प्रमुख विशेषता यह भी रही है कि यह जहॉं बच्चों के लिए विशुद्ध रूप से एक खेल के तौर पर इस्तेमाल किया जाता रहा है, वहीं पर वयस्कों द्वारा किये जाने वाले संवाद में यह गंभीर एवं अप्रत्यक्ष तौर की जाती है, पहेली की एक बहुत ही महत्वपूर्ण विशेषता यह भी रही है कि इसमें सभी क्षेत्रों से जुड़ करके बातें कही जाती रही है। जीवन का कोई ऐसा क्षेत्र नही छूटा है, जिसमें कि पहेली का इस्तेमाल न किया गया हो।

कोविड वर्तमान समाज के समक्ष एक बहुत ही चुनौती के रूप में बना हुआ है। इससे बचने के लिए विविध प्रकार के उपाय किये जा रहे हैं। किन्तु इस बीमारी से बचने के लिए जो कुछ भी उपाय किये जा रहे हैं, उसके सन्दर्भ में जागरूकता भी अति आवश्यक है। इस प्रकार की जागरूकता में जनमाध्यमों की भूमिका अत्यन्त महत्वपूर्ण है। किन्तु इसी के साथ यह भी बात काफी महत्वपूर्ण है कि इसे किस फार्मेट में प्रस्तुत किया गया है। कोविड के बारे में जानकारी देने और याद करने के सन्दर्भ में पहेली एक बहुत ही महत्वपूर्ण साधन है। इस तथ्य को ध्यान में रख करके कोविड से सम्बन्धित विविध तथ्यों को पहेली के रूप में यहॉं पर पुस्तक प्रस्तुत किया गया है।हमें विश्वास है कि इससे लोगों विशेष करके बच्चों को न केवल ज्ञान की परख होगी, वरन् इससे उनका मनोरंजन भी होगा। इस पुस्तक को तैयार करने में हमें अपने कई मित्रों से मार्गदर्शन एवं सहयोग मिला। मैं उनके प्रति आभार व्यक्त करता हूँ। इसके बगैर यह कार्य संभव ही नही था। इससे इस ई पुस्तक को सही आकार देने के मदद मिली है। हमें पूरी उम्मीद है कि यह जन सामान्य को रोचक लगने के साथ साथ उनमें कोविड के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने में भी उपयोगी साबित होगी।


**डॉ अरविन्द कुमार सिंह**





1

एक देश और शहर है ऐसा
एक बीमारी आई,
फैल गई दुनिया में सारी ,
बहुत तबाही लाई ।
हुए प्रभावित लोग सभी,
सबका बिगड़ा सब काम।
अगर जानते तुम हो बच्चों!
बताओ शहर, देश का नाम।



2

बने तीन उपाय मुख्य , जो कोविड से हमें बचाए।
जो न करे पालन इन सबका, बुद्धिहीन कहलाए,
जहाँ कहीं भी रहे, हम सभी को उन्हें ही अपनाना है।
प्यारे बच्चों ! आज तुम्हें अब वही उपाय बतलाना है।












3 यह अंग प्यारा कोविंड को, शरीर में वहीं पाया जाए।
वहीं पर अपना पांव पसारे,लोगों को बीमार बनाए।
है सुरक्षित रहना बच्चों तुम्हें, तो उसका नाम बताएं।
उसी अनुसार अब  सब लोग अपनी तैयारी कराएं।



4 कोविड से जब हुए बीमार,
हल्का हो खॉँसी और बुखार।
घर में रहे ,हो सबसे दूर ।
इसका पालन करें जरूर,
पर कितने दिन एकांत में बिताना है ?
प्यारे बच्चों! अब तुम्हें इसे बताना है!










5 बहुत से लक्षण कोविड में दिखते,
जो कोविड बीमारी बतलाएं!
कुछ लक्षण तो हुए बहुचर्चित
उसमें से कोई तीन सुनाएं।





6 खाँसी, जुकाम, बुखार जब आए
और सांस भी यदि फूल जाए।
कौन सी बीमारी है बच्चों!
जिसकी कि आशंका हो जाए?









7 मास्क का लगाना, दूरी बनाना,
करोना से सुरक्षा में मजबूरी है।
पर किस अंग को बार-बार कहीं
कुछ भी छू जाने पर धोना बहुत जरूरी है?



8 मोहन करे गरारा बार-बार,
और गर्म पानी है पीता।
ग्रहण कर विटामिन बी, सी, डी
किस बीमारी को है दूर रखता?










9 एक ऐप सरकार बनाए
करोना की सब बात बताए।
उसे लोड करना है मुझको ,
झट अब उसका नाम सुनाएं।



10 जो कोविड टीका लगवाए,
उसके शरीर की क्षमता बढ़ जाए
ऐसा क्या गुण शरीर में  आए ?
आप झट से वह नाम बताएं ।











11 कोविड का एक उपाय है,
जो सबका मुख बंद कराया।
अति जागरूक वह है बच्चा,
जिसने उसका नाम बताया।



12 कौन बीमारी है ऐसी आई ,
जिसने देश में लॉकडाउन कराई ?








13 कोविड अपना रूप फैलाया ,
कई देशों में कहर बरपाये ,
इसकी संख्या बहुत अधिक है ।
चार बता जागरूक कहलायें.।

14 जिसने कोविड-१९ नाम दिया,
वह तो एक संगठन है भारी।
अगर बता दो नाम तुम उसका,
तो हम समझे है तेरी तैयारी।










15 चीन देश का कौन प्रांत है ,
जहाँ से कोरोना वायरस आया?
जो नियमित अखबार है पढ़ता,
वहीं इसका उत्तर दे पाया।


16 कोविड के पहले से इसी तरह की
बीमारी एक स्पेन में आयी।
इसी तरह का नाम है उसका,
वह क्या बोलने में कहलायी?







17 प्रथम मामला कोविड का तो
देश के बाहर से है आया।
जो ज्ञानी है कोविड का अब,
उस बच्चे ने नाम बताया।




18 जिसने कोविड-19 नाम दिया
वह डब्ल्यूएचओ एक संगठन है भारी।
किस देश में है उसका मुख्यालय,
जहां से करता है सब तैयारी।







19 कौन सी तिथि थी, वर्ष कौन सा,
जब कोविड-१९ नाम है आया?
जो नियमित अखबार है पढ़ता,
बस वहीं इसका उत्तर दे पाया।




20 कौन महीना था भारत में ,
जब लॉकडाउन लागू हुआ ?
प्रथम चरण था कितने दिन का ?
जो बाद में बढ़ता ही गया।






21 कितनी दूरी रहे व्यक्ति से ,
कोरोना वायरस पास न आए?
जो बच्चे हैं पढ़े विषय यह,
वह यह तथ्य जरूर बताएं।



22 कोविड-19 जहाँ फैलता ,
किस वय समूह में हो खतरा भारी?
अगर आप ने दी जानकारी ,
तो कर लें अब वैसी तैयारी।









23 कोविड संग जो-'19'लगा है।
वह एक खास अर्थ में आए।
यह संकेत कहता क्या है?
जो जाने, बस वही बताए।




24 जब स्वस्थ हुए कोविड रोगी का
रक्त दूसरे में चढ़ाया जाता है।
बोलो बच्चों! इलाज का यह ढंग,
नाम में क्या कहलाता है?










25 कौन देश है जहाँ करोना
शुरू हुआ था पहली बार?
क्या इस प्रश्न के उत्तर खातिर
आप अभी हैं पूरा तैयार?




26 अवधि है कितनी इनक्यूबेशन की
जो यह करोना लेता है?
जो बच्चा है सजग अब इसमें,
वही इसका उत्तर देता है।










27 कौन माह में कोविड टीका
भारत में  है शुरू हुआ?
किस वय समूह को अवसर पहले,
इसमें था मिला  हुआ?



28 है अगर करोना का  पता लगाना ,
तो  उस टेस्ट का नाम क्या कहलाता है?
जो बना हुआ है जागरूक ,
वह इसका उत्तर बतलाता है।








29 एंटीबायोटिक दवा से क्या
इलाज करोना होता है ?
नहीं जानता जो उत्तर इसका,
वह आलस में ही सोता है।




30 कौन अंग शरीर का जहाँ से
करोना टेस्ट नमूना लेते हैं?
पढ़े हैं जो बच्चे इसके बारे में,
वे इसका उत्तर देते हैं।










31 कोविड-19 में ‘वि’ का आशय
किस अर्थ में लिया जाता है?
जिसने पढ़ा है इसके बारे में ,
वह इसका अर्थ बतलाता है।




32 व्यक्ति धो रहा हाथ साबुन से,
अवधि इसकी क्या रखनी है?
आप बताएं यह जानकारी,
इसको सभी को देनी है।









33 रूप करोना देख भयानक,
कौन घोषित की इसे महामारी ?
नाम संगठन क्या है उसका ?
जो उसकी की व्यापक तैयारी।


34 आकार करोना का  है कैसा,
इसकी क्या जानकारी है?
अगर बता दो सच जवाब,
तो माने आप की तैयारी है।









35 अगर सतह पर रहा करोना,
यदि वह हाथ से छू जाता है।
तो क्या वह भी बीमारी फैलाता है?
इसका उत्तर ‘हां’ या ‘ना’ में आता है।



36 आपस में दूरी की खातिर यह पद,
कोरोना में प्रयोग किया जाता है।
अक्सर लोग इसे हैं बोलते ,
यह पद क्या कहलाता है?









37 क्या फ्लू वैक्सीन को ले करके
कोरोना का इलाज किया जाता है ?
अगर ज्ञात है तथ्य आपको,
उत्तर तुरंत मिल जाता है।

38 हुई भेंट यदि उस व्यक्ति से,
जो करोना संक्रमित होता है,
असर दिखे कितने दिन में,
जो उससे संक्रमित होता है?













39 ए,बी,सी,डी सभी विटामिन
रोज-रोज मोहन खाता हैं।
इनमें से कौन अधिकतम
जोखिम करोना कम करता है?

40 वह कौन न्यूनतम अवधि है होता,
जो संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए ?
तो हो सकता है कोविड दूसरे को,
जिससे कि आप खुद को बचाएं।









41 कोविड नाम में डी अक्षर है ,
वह एक खास बात बतलाए।
अगर ज्ञात है आपको वह तो
हमको भी अब समझाएं!


42 गरम मसालों का उपयोग
कोविड में अति होता है।
लॉन्ग, इलायची, दालचीनी, मसूर में
कौन मसाला नहीं होता है?









43 एक संगठन जुड़ा स्वास्थ्य से,
विश्व स्तर पर काम करें।
तीन अक्षर में उसे पुकारें,
बोलो बच्चों ! उसको क्या कहें ?



44 यह संख्या कोविड के आगे
सदा लगाई जाती है,
जो बतलाती इसके आरंभ वर्ष,
वह क्या कहलाती है ?









45 मोहन कोविड टेस्ट में पॉजिटिव,
और हुए निगेटिव सोहन।
कौन कोविड से बचाव का पालन किया ?
मोहन या फिर सोहन?

46 कई वे विकसित देश जहाँ पर,
कोविड नेअधिक कहर बरसाए
इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, हंगरी
कौन इसमें सबसे आगे आए?












**47** कोविड सांस के रोगी खातिर
यह उपकरण प्रयुक्त है होता।
करें मदद यह लेने में सांस ,
बच्चों यह क्या है कहलाता?

**48** कौन सतह है जहाँ कोरोना
सर्वाधिक  अवधि जीवित रह पाए?
अगर ज्ञात है आपको यह तो ,
अब हमको तुरंत बतलाएं।










49 कौन सतह है जहाॅ करोना
सबसे कम अवधि जीवित रह पाए?
अगर ज्ञात है आप को उत्तर
उसे हमें तुरंत बतलाएं।





50 क्या अल्कोहल पी लेने से
करोना वायरस मर जाता है?
किया अध्ययन जिसने भी ,
वही सही बतलाता है।









51 नाम करोना जो वायरस पाया,
इसके पीछे एक कहानी है।
अगर जानते आप इसे हैं,
आपको इसे बतानी है ।


52 कौन सावधानी कोविड में है,
जो सर्वाधिक अपनाई जाती है ?
अगर किसी ने नहीं है माना,
वह सीधे दिख जाती है।









53 क्या एंटीमलेरियल ड्रग
करोना में उपयोगी होता है?
अगर 'हां' तो नाम क्या उसका,
जिसको कोई लेता है।




54 जब भी लगाते टीका कोई ,
तब उसी रोग के वायरस हैं दिए जाते ?
क्या यह बात सत्य है ?
जो जानते हैं, वही हैं बतलाते।










55 जब बुखार, थकान अधिक आए,
क्या करोना की आशंका बढ़ जाए?
अगर ज्ञात है इसका उत्तर,
तो इसे 'हां' या 'ना' में बतलाएं



56 अगर हुआ है करोना किसी को
क्या लक्षण तुरंत दिख जाता है?
इसका उत्तर 'हां' या 'ना' में,
जो जाने वह बतलाता है।








57 कोविड से बचने की खातिर,
अगर नहीं दूरी  है बन पाती,
कौन उपाय है अति प्रभावी,
ऐसे में अपनाई है जाती?




58 क्या पानी से है फैलता करोना ?
इसके बारे में क्या जानकारी है?
खोज अभी तक हुई जो कुछ है,
उससे उत्तर ‘हां ’ या ‘ना’ में आनी है।










59 कहें करोना, है यह वायरस,
दिसंबर १९ में है आया।
बना नाम फिर उसका छोटा,
क्या है वह कहलाया?




60 माह फरवरी, वर्ष २० में
नया नाम करोना पाया।
डब्ल्यूएचओ ने नाम दिया,
पूरा नाम वह क्या कहलाया ?










61 **प्रथम मौत कोरोना के कारण**
**कहाँ हुआ था चीन से बाहर?**
**नाम क्या था उस व्यक्ति का?**
**कौन देश था, कौन था शहर ?**

62 **अगर सतह प्लास्टिक का होता**
**और करोना उस पर सोता,**
**कितने दिन वह जीवित रहता ?**
**कितने दिन हमें बचना होता?**







63 अगर व्यक्ति जो हुआ संक्रमित
करोना से जब कहीं पर जाए।
कितने दिनों में वह लक्षण दिखे,
जिससे कि वह खुद को बचाए?



64 कौन सतह है जहाँ करोना
सबसे कम अवधि जीवित रह पाए?
अगर ज्ञात है आपको उत्तर,
हमें उसे तुरंत बताएं।










65 मच्छर तो बहुत रोग हैं लाते,
जो मलेरिया, डेंगू आदि कहलाते।
क्या करोना वायरस को भी,
मच्छर ही हम तक हैं पहुंचाते?




66 चार व्यक्ति हैं ,चार समस्या उनको अभी सताए।
'ए' का गला खराब हुआ, 'बी' के जोड़ों में दर्द आए।
जलन हुआ 'सी' के सीने में, 'डी' की सांस फूली जाए।
कौन बीमारी इन सबको ऐसे में, आशंका है सताए?










67 किसी व्यक्ति की कोविड के लिए
आरटी पीसीआर जांच की जाती है।
कितने समय में पूरा होता वह?
और रिपोर्ट मिल जाती है।




68 कई जानवर के नाम हैं आए,
जो कोविड रोग को फैलाएं।
इसमें से कुछ तो बहुचर्चित हुए।
इनमें से अब कोई एक बताएं।












69 कौन सा सतह है जिस पर कोरोना
सबसे कम जीवित रह पाता है ?
वैसे तो वह बस एक धातु है,
किंतु जो जाने वही बतलाता है।



70 जब भी लगे करोना टीका,
एंटीजन एक पदार्थ बनाता है।
अगर आपको ज्ञात है तो बोलो,
क्या उसका  नाम कहलाता है?








71 कौन संगठन है दुनिया में
जो कोविड कथा सुनाए ?
अगर कभी जाननी है सूचना,
उसके वेब पेज पर जाएं।

72 यह विटामिन शक्ति बढ़ाता है शरीर का,
करोना में अति आवश्यक हो जाता है।
वैसे यह खट्टे फल ,तुलसी के पत्ते,
शिमला मिर्च में पाया जाता है।







73 कौन भाग शरीर का होता है
जो एंटीबॉडी बनाता है?
जब भी रोग का टीका लगता है,
यही सक्रिय हो जाता है।



74 अगर व्यक्ति रहा है कोविड पीड़ित
तो क्या वह टीका लगवा सकता है?
'हां' या 'ना' में से सही उत्तर ,
क्या कोई दे सकता है?









**75** अगर कोविड  टीका है लगवाना,
तो आवश्यक है पहचान पत्र दिखाना।
इसकी सूची तो है अति लंबी,
पर उसमें से कोई तीन बताना।




**76** यह शरीर की शक्ति बनाए रखता है,
और करोना से सब को बचाए रखता है
सब सेवन करते इस विटामिन का
नाम बताएं उसका जो सुबह धूप में  मिलता है।










77 बहुत जानवर घर में पाले,
कुत्ता ,बिल्ली भी इसमें आए।
क्या यह भी फैलाते कोविड?
'हां' या 'ना'में उत्तर बताएं।




78 एक विटामिन सूर्य से मिलता,
करोना बीमारी से है लड़ता,
शरीर में उसकी मात्रा बढ़ाएं,
बच्चों आप उसका नाम बताएं।










79 किस दिन से कोविड  का टीका
भारत में था शुरू हुआ ?
माह प्रथम सन २० में ही था,
वह तिथि जब कि यह था शुरू हुआ



80 खानपान में कई बातें हैं जो
करोना प्रतिरोध की खातिर हैं अपनाते।
हल्दी, लौंग, इलायची, चना में से,
कौन इसके अंतर्गत नहीं हैं आते ?










81 कोविड से लड़ने की खातिर
मानव ने कई हथियार बनाए।
जो रक्षा करता कोविड से,
इसमें से कोई चार बताएं।

82 नहीं लोग कहीं भीड़ बनाएं ,
इसके लिए यह धारा लग जाए।
संख्या में है वह एक सौ से ऊपर,
आप सही धारा संख्या बतलाएं।










83 व्यक्ति संक्रमित होकर यदि स्वस्थ हो जाए,
उसके शरीर के एंटीबॉडी को दूसरे में चढ़ाये।
इलाज के इस तरीके का एक नाम कहा जाए।
यदि ज्ञात नाम है आप को, कृपया उसे बताएं।

84 सार्स कोव २ नाम है इसका,
एक बीमारी यह फैलाए।
दुनिया में वह नाम प्रसिद्ध,
अब आप उसका नाम बताएं।









85 क्या कोविड रोग जो होता,
एंटीबायोटिक से ठीक हो जाता है?
इसका उत्तर 'हां' या 'ना' में,
जाने जो, उससे मिल जाता है।



86 किस अवधि बाद सबसे ज्यादा
करोना लक्षण दिख जाता है?
अगर पढ़े हैं ध्यान से इसको,
तो उत्तर मिल जाता है।










87 भारत के देशी टीके का
लोहा दुनिया ने माना है।
प्यारे बच्चों! नाम तुम्हें
टीके का आज बताना है।



88 क्या है आरटी पीसीआर टेस्ट?
किसलिए इसे किया जाता है?
थोड़ा भी अध्ययन है जिसका,
वह इसका उत्तर दे पाता है।









89 सीटी स्कैन फेफड़े का होता,
उसकी यह  तस्वीर बनाता है।
इस तरह से की गई जांच से
क्या ज्ञात हो जाता है?

90 किस गैस की अधिक जरूरत,
कोविड मरीज को पड़ जाती है?
समय से जो नहीं मिल पाती है,
तो सांस लेने की समस्या आती है।













**91** 18 वर्ष से ऊपर की वैक्सीनेशन,
किस तिथि से हैं शुरू कराए ?
माह मई और वर्ष था इक्कीस,
सही तारीख अब आप बताएं।



**92** कितना लेवल शरीर में ऑक्सीजन की,
सही मात्रा माना जाता है?
इसका ज्ञान उसी को होता।
जिसकी समझ में आता है।
















93 पल्स रेट सामान्य क्या होता?
यह क्या बतलाता है ?
कोविड बीमारी में उसका
मान  कैसे बदल जाता है?

94 कौन उपकरण मापता ऑक्सीजन
वह क्या कहलाता है?
उससे क्या जानकारी मिलती?
जो इलाज के काम आता है।









95 कोविशील्ड किसका नाम है?
किसलिए यह दिया जाता है?
इतना हम बतला देते हैं,
इससे शरीर प्रतिरोध बढ़ जाता है


96 रक्त थक्का की एक समस्या
कोविड में हो जाती है।
इस कारण से कौन सी दिक्कत
मानव शरीर में आती है?







97 विविध लक्षण होते कोविड के
जो बीमारी में दिख जाते हैं।
इसमें से कौन सा लक्षण
सर्वाधिक रूप में आते हैं?



98 ब्लैक फंगस एक नाम है आया।
कोविड में समस्या बन छा जाता है ।
और नाम क्या है इस फंगस का ?
यह एम लेटर से शुरू होता है।












99 कोविड बीमारी की पहचान के लिए
एक टेस्ट सब लोग कराएं।
पांच अक्षर में संक्षिप्त नाम आए,
बोलो बच्चों! यह क्या कहलाए?



100 कोविड के टीका को अब तक
करोड़ों व्यक्ति को गया लगाया।
पहला व्यक्ति कौन है दुनिया का
जिसने इस टीके को है लगवाया?









101 डब्ल्यूएचओ कोविड बीमारी में
बड़ी भूमिका निभा रहा।
कौन निदेशक है इस संगठन का
जिसके निर्देशन में कार्य हो रहा?

102 म्यूकरमाइकोसिस का दूसरा नाम है क्या ?
जो आफत बनकर आया है।
इसके नाम में जुड़ा है 'ब्लैक' शब्द
कोविड बीमारी में ही गहराया है।













103 स्टेरॉयड का अधिक प्रयोग होने पर,
कौन सी क्षमता घट जाती है?
जिस कारण से ब्लैक फंगस का
डर मानव को सताती है।

104 कोविड में निमोनिया बीमारी
वायरस से हो जाती है।
कौन से भाग में शरीर के,
अत्यधिक सूजन बन जाती है?









105 गंभीर अगर निमोनिया है,
तो सांस की समस्या हो जाती है।
इसके लिए जो लगती है मशीन,
वह नाम से क्या कहलाती है?


106 कौन विटामिन गाजर में होता,
जिसकी कमी से धुंधला दिखाई देता?







107 रोग प्रतिरोधक के लिए
कौन धातु उपयोग किया जाता है?
रंग में नीला हरा होता है,
सांस समस्या कम करता है।



108 एक  मनुष्य के शरीर का
सही ताप क्या होता है ?
यह ९० डिग्री फारेनहाइट से
ज्यादा पर एक सौ से नीचे होता है।












**109** लाल रक्त कणिका के लिए
कौन विटामिन जरूरी होता है?
कई विटामिन का समूह है,
पशु उत्पाद में ज्यादा होता है।



**110** मुंह में छाला, हाथ में जकड़न,
कौन विटामिन शरीर में है कम?













111 ओठ का फटना , भूख कम होना,
त्वचा पीला पड़ जाता है।
कौन विटामिन कम है शरीर में?
जिस कारण यह हो जाता है।

112 स्मरण शक्ति कमजोर हो जाना,
और थकावट महसूस करना,
कारण कमी एक विटामिन का,
ए, बी, सी में से सही है लिखना।









113 थाइमीन किस विटामिन का सदस्य
जो प्रतिरोध शक्ति बढ़ाता है?
इसी कमी से भूख कम लगती,
विटामिन ए ,बी, सी में से एक होता है।


114 बेरी बेरी रोग एक विटामिन की कमी से होता,
उस विटामिन का नाम क्या है कहलाता ?







115 त्वचा की झुर्रियां, त्वचा का रूखापन,
किस विटामिन की कमी से हो उत्पन्न?
यह त्वचा को नमी भी देता।
खट्टे फलों में खूब है मिलता।



116 वयस्क व्यक्ति के दिल की धड़कन दर क्या होती है ?
वैसे एक मिनट में इसकी सख्ंया सौ से कम रहती है।













117 पहला प्रवेश कोविड का
शरीर में कहाँ से होता है?
जिसके बाद श्वास नली में ,
फिर फेफड़े में जाता है।

118 यह करता मदद कैल्शियम पचाने में,
इस कमी से रोग रिकेट हो जाता है,
सूर्य ग्रह से यह है मिलता।
यह विटामिन क्या कहलाता है?









119 इनक्यूबेशन पीरियड का
कोविड में क्या आशय होता है?
बीमारी के शुरू के दौर के लिए ,
यह चर्चा में आता है।


120 मानव शरीर के किस भाग से
कोरोना वायरस है प्रवेश करता?
जिसे रखते हैं अति सुरक्षित,
जिससे रोग आगे नहीं बढ़ता।







121 कहाँ पर कोविड संख्या बढ़ाता ?
और शरीर पर हमला करता,
जिससे कोविड का लक्षण-
बुखार, दर्द रूप में सामने आता।




122 सोशल-डिस्टेंसिंग एक उपाय बचाव का,
यह कोविड में बोला जाता है।
जो रहना है दूर एक दूसरे से,
वह माप में कितना कहलाता है ?










123 प्रथम लॉकडाउन भारत में
एक तिथि को आरंभ हुआ
था मार्च सन २० का आखिरी हफ्ता
पर किस तिथि को लागू हुआ?

124 जब कोविड का असर अधिक हो,
शरीर में क्या कम हो जाता है?
सांस लेने में होती दिक्कत,
अन्य अंग प्रभावित हो जाता है।







125 कई बार कोविड बीमारी में कॉंटैक्ट ट्रेसिंग की जाती है। इसका आशय क्या होता है ? यह क्यों की जाती है?




126 कोविड से बचाव की खातिर स्पूतनिक इस्तेमाल किया जाता है। यह क्या है कार्य करता? यह क्या कहलाता है?













127 पोस्ट कोविड का आशय क्या है ?
किसके लिए कहा जाता है?
किस बात का होता खतरा?
ऐसा क्या हो जाता है?

128 संतरा ,पपीता, आंवला, हरा मिर्च
इसमें एक खास विटामिन है मिलता,
जिससे स्कर्वी रोग है मिटता,
उस विटामिन का नाम क्या है होता?










129 वैसे तो सिंप्टोमेटिक है कोविड,
किंतु असिंप्टोमेटिक रूप भी है होता।
कठिन शब्द हैं ये दोनों,
इनके अर्थ क्या है होता ?

130 कोविड एक बीमारी है,
जो पूरे विश्व में कहर है ढाए।
यह नाम संक्षिप्त रूप है।
पूर्ण नाम में यह क्या कहलाए?








131 आरटीपीसीआर पद कोविड इलाज में,
अक्सर लोगों द्वारा बोला जाए।
इसके माध्यम से कोविड टेस्ट कराते ,
पूरा नाम इसका क्या कहलाए ?




132 रेमडेसीविर नाम कोविड इलाज में,
अक्सर लोगों द्वारा बोला जाए।
कैसे उपयोग किया यह जाता?
लोगों के यह क्या काम आए?












133 कोविड-१९ के इलाज हेतु
एचसीक्यू का भी नाम शुरू में आया।
बाद में इसको बंद कर दिया गया।
पूर्ण नाम इसका क्या है कहलाया ?

134 होम आइसोलेशन, है एक इलाज का तरीका,
कोविड में अक्सर अपनाया जाता है।
क्या होती है इसकी खासियत?
किसको यह सुझाया जाता है?










135 कोविड बीमारी के प्रसार जांच में,
म्यूटेशन शब्द का उपयोग किया जाता है।
इसका आशय क्या होता है?
जिसको वह बतलाता है।





136 जब हम प्रयुक्त करते हैं ऑक्सीमीटर,
तब क्या-क्या बातें बतलाता है?
जिसने किया है इसका उपयोग,
वह आसानी से उत्तर दे पाता है।










137 ऑक्सीमीटर ‘एस पी ओ टु’ की
जानकारी हमें मिलती है।
इसका आशय क्या होता है?
जो स्क्रीन पर डिस्प्ले होती है।

138 कोविड  टेस्ट में सीटी वैल्यू
का आशय क्या कहलाता है ?
कितनी संख्या यह होने पर,
कोविड बीमार नहीं माना जाता है?







139 यसएआरयस(सार्स) संक्षिप्त रूप है।
कोविड संग लिखा जाता है।
पूर्ण रूप में क्या है कहलाता ?
जो एक लक्षण को बतलाता है।

140 जिसने 'कोविड-19'नाम दिया,
वह तो एक संगठन है भारी।
अगर बता दो नाम तुम उसका,
तो हम समझे, है तेरी तैयारी।











141 आईएचआर संक्षिप्त रूप है।
इसका पूर्ण नाम बतलाना है।
स्वास्थ्य क्षेत्र में क्या कार्य है करता?
इसे पूरा समझाना है।

142 कोविड बीमारी के बीच पद
'हर्ड इम्यूनिटी' चर्चा में आ जाता है ?
क्या आशय इस पद का होता ?
जिसके लिए यह प्रयुक्त होता है।





143 केंद्र सरकार ने शुरू किया पोर्टल
एनएचपी संक्षेप में कहलाता है,
पूर्ण नाम क्या है उसका ?
किस काम वह आता है?



144 क्या होता है डेल्टा प्लस वेरिएंट ?
किसके लिए यह कहा जाता है?
जिसने किया है गहन अध्ययन,
वही इसे बतलाता है।









147 अल्फा, बीटा, गामा के बाद क्या और नाम भी आते हैं?
जो बनते हैं वायरस के प्रकार ,जिन पर वे कहे जाते हैं।




148 कोविड से बचाव हेतु एन९५ फेस मास्क
काफी उपयोग में आता है।
इस मास्क में ९५ संख्या जो है लिखी,
उसका मतलब क्या कहलाता है?










145 **क्या होता है अल्फा वैरीअंट?**
**किसके लिए कहा जाता है?**
**जिसने पढ़ा है कोविड का इतिहास,**
**वह आसानी से बताता है।**



146 **अल्फा,बीटा,गामा शब्द किसके लिए प्रयुक्त होते हैं?**
**इन शब्दों का आशय क्या है, जो ये कहे जाते हैं ?**









149 भारत में बना पहला वैक्सीन
किसने है तैयार किया?
जिसने पढ़ा है समाचार,
उसने इसे है याद किया।




150 तृतीय चरण कोविड टीका
लोगों को लगाया जाए।
दो प्रकार की ये टीके हैं,
यदि जानते हैं तो उन्हें बताएं।













151 दो जगह में से किसी एक पर,
टीका पंजीकरण करवा सकते हैं।
नाम क्या है इन दोनों का,
क्या आप बता सकते हैं?









1. उत्तर- चीन देश वुहान शहर में पहली बार करोना बीमारी आई।

2. उत्तर- कोविड बीमारी से बचने के लिए हमें नाक,मुंह पर मास्क लगाने, हाथ में सेनीटाइजर लगाने और एक-दूसरे से दो गज दूरी बनाए रखना आवश्यक है।

3. उत्तर- कोरोनावायरस नाक एवं मुंह के रास्ते गले से होते हुए आखिर में फेफड़ा में जाकर के अपना पांव पसारता है। फेफड़ों को सुरक्षित बनाए रखने के लिए यह आवश्यक है कि कोरोनावायरस से हर तरीके से बचा जाए और सभी लोग मास्क, सैनिटाइजर उपयोग करें एवं लोगों से दूरी बना कर रहे।

4. उत्तर- हल्का कोविड बीमारी होने अथवा उसके होने की आशंका पर व्यक्ति को १४ दिन तक सबसे दूर रहकर एकांत में समय व्यतीत करने की आवश्यकता होती है।

5. उत्तर- कोविड बीमारी में खांसी, बुखार, गले में खराश एवं गंध का महसूस न होना प्रमुख लक्षण हैं। इसमें से बुखार का आना सबसे मुख्य लक्षण है। इसी तरह से अन्य व्यक्तियों में दूसरे प्रकार के भी लक्षण देखने में आए हैं।

6. उत्तर- यह सब लक्षण कोविड बीमारी के होते हैं।

7. उत्तर- करोना बीमारी से बचाव के लिए हाथ को बार-बार धोने की आवश्यकता होती है जिससे कि हाथ के माध्यम से शरीर के भीतर कोरोना वायरस में प्रवेश न कर पाए।

8. उत्तर- करोना बीमारी से बचने के लिए यह सभी उपाय किए जाते हैं।

9. उत्तर- आरोग्य सेतु ऐप के माध्यम से सरकार करोना संबंधी विभिन्न प्रकार की जानकारियों को आम जनता को उपलब्ध कराती है।

10. उत्तर- कोविड का टीका लगवाने के बाद शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ जाती है।

11. उत्तर- मास्क से नाक और मुंह को ढका जाता है, जिससे कि इससे हो करके करोना वायरस शरीर के अंदर प्रवेश न करें।

12. उत्तर - कोविड बीमारी के कारण भारत एवं दुनिया के कई देशों में लॉकडाउन किया गया।

13. उत्तर- ब्राजील, इटली, ब्रिटेन, फ्रांस आदि ऐसे देश हैं जहां पर कोविड बीमारी ने काफी कहर बरपाया।

14. उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन स्वास्थ्य से जुड़ कर के विभिन्न प्रकार की समस्याओं के निदान के लिए दुनिया के विभिन्न देशों में कार्य करता है।

15. उत्तर- चीन देश का हुबेई प्रांत के वुहान शहर से पहली बार करोना का मामला आया।

16. उत्तर- वह बीमारी स्पेनिश फ्लू के नाम से जानी जाती है जो कि SARS-CoV-1 वायरस से फैली थी।

17. उत्तर- 17 नवंबर 2019 को चीन के वुहान शहर में कोविड-19 का पहला मामला आया।

18. उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय जिनेवा में है।

19. उत्तर- 11 फरवरी 2020 को डब्ल्यूएचओ ने कोरोना वायरस से होने वाली बीमारी को कोविड-19 नाम दिया।

20. उत्तर- मार्च 2020, 3 सप्ताह के लिए भारत में पहली बार लॉकडाउन लगाया गया।

21. उत्तर- करोना संक्रमण से बचने के लिए 2 गज की दूरी बनाए रखना आवश्यक है।


22. उत्तर- करोना बीमारी अधिक उम्र के लोगों को यह ज्यादा खतरनाक है। अब तक 60 वर्ष या उससे अधिक उम्र के व्यक्तियों को अधिक नुकसान पहुंचा है।

23. उत्तर- यह वर्ष 2019 का सूचक है। कोविड बीमारी वर्ष 2019 के दिसंबर माह में प्रकाश में आई। संख्या 19 उसी का द्योतक है।

24. उत्तर- इलाज का यह तरीका प्लाजमा थेरेपी कहलाता है।प्लाज्मा थेरेपी, जिसे मोटे तौर पर कायलसेंट प्लाज्मा थेरेपी के रूप में जाना जाता है, कोरोनोवायरस संक्रमण के इलाज के लिए एक प्रायोगिक प्रक्रिया है। इस इलाज में, प्लाज्मा, खून का पीला लिक्विड हिस्सा, उस व्यक्ति से निकाला जाता है , जो संक्रमण से उबर गया है और उस रोगी को इंजेक्शन लगाया गया है, जो उस बीमारी से पीड़ित है। प्लाज्मा में एंटीबॉडी होते हैं जो रोगी को लड़ने और बीमारी से उबरने में मदद कर सकते हैं। किंतु बाद में इलाज का यह तरीका बंद कर दिया गया।







25. उत्तर- चीन देश में पहली बार कोविड बीमारी आरंभ हुई थी।

26. उत्तर- किसी भी व्यक्ति को करोना वायरस से संक्रमित होने के 2 दिन से लेकर 14 दिन फिर भीतर उसमें इस बीमारी के लक्षण उभर कर के सामने आते हैं। करोना वायरस से संक्रमित होने वाले अलग-अलग व्यक्तियों में यह अवधि भिन्न-भिन्न होती है।

27. उत्तर- 16 जनवरी 2021 से भारत में टीका लगना आरंभ हुआ। इसके अंतर्गत 45 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोगों को टीका लगाना आरंभ किया गया।

28. उत्तर- आरटी पीसीआर टेस्ट के माध्यम से व्यक्ति में करोना वायरस के संक्रमण का पता लगाया जाता है।

29. उत्तर- एंटीबायोटिक दवा से करोना का इलाज नहीं होता है।

30. उत्तर- नाक व मुंह से कोरोना वायरस की जांच के लिए नमूना लिया जाता है।

31. उत्तर- कोविड शब्द में 'वि' का आशय वायरस होता है।

32. उत्तर- साबुन लगा हाथ धोने की अवधि 20 सेकेंड रखनी है। साबुन से 20 सेकंड की अवधि तक संपर्क में रहने के बाद ही वायरस नष्ट हो पाता है।

33. उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इसे महामारी का नाम दिया।

34. उत्तर- करोना गोलाकार होता है जिसमें कांटो की तरह उभार होता है। इस तरह से यह एक मुकुट के रूप में दिखता है।

35. उत्तर- करोनायुक्त सतह को हाथ से छूने पर उससे संक्रमण का खतरा बना रहता है, क्योंकि हाथ के नाक और मुंह से स्पर्श हो जाने की आशंका हमेशा बनी रहती है।

36. उत्तर- करोना बीमारी से बचने के लिए आपस में बनाई गई दूरी को सोशल डिस्टेंस कहते हैं। यह दूरी कम से कम 2 गज के बराबर होनी चाहिए

37. उत्तर- फ्लू वैक्सीन से करोना का इलाज नहीं किया जा सकता है।

38. उत्तर- करोना संक्रमित व्यक्ति से मिलने पर दूसरे व्यक्ति कोरोना होने के लक्षण २ से लेकर 14 दिन के बीच में आता है।

39. उत्तर- विटामिन सी के माध्यम से करोना बीमारी से लड़ने में मदद मिलती है।

40. उत्तर- करोना से संक्रमित व्यक्ति से मिलने पर दूसरे व्यक्ति को करोना होने की आशंका यदि है, तो न्यूनतम 2 दिन के भीतर उसका लक्षण दिख जाता है।

41. उत्तर- कोविड शब्द में डी लेटर का आशय डिजीज है।

42. उत्तर- मसूर मसाला के अंतर्गत नहीं आता है।

43. उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन दुनिया भर के सभी देशों में स्वास्थ्य के मामले में कार्य करता है।

44. उत्तर- कोविड के आगे 19 लगाया जाता है जिससे यह ज्ञात होता है कि यह बीमारी वर्ष 2019 में आरंभ हुई

45. उत्तर- कोविड जांच में जिस का रिजल्ट नेगेटिव आता है, वह कोविड संक्रमित नहीं होता है। इसलिए सोहन ने स्वास्थ्य नियम का पालन किया।

46. उत्तर- कोविड बीमारी से ब्रिटेन देश में मृत्यु दर सबसे अधिक रही।

47. उत्तर- वेंटिलेटर का इस्तेमाल कोविड रोग के गंभीर रोगियों को सांस में मदद के लिए किया जाता है।

48. उत्तर- प्लास्टिक की सतह पर करोना की आयु सबसे अधिक होती है।

49. उत्तर- तांबा की सतह पर कोरोनावायरस की आयु सबसे कम होती है।

50. उत्तर- अल्कोहल पीने से करोना वायरस नष्ट नहीं होता है।


51. उत्तर- कोरोनावायरस का आकार मुकुट की तरह होता है और इस कारण से इसका नाम करोना रखा गया।

52. उत्तर- नाक और मुंह पर मास्क लगाना। अगर व्यक्ति मास्क नहीं लगाया है , तो वह सीधे दिख जाता है।

53. उत्तर- एंटीमलेरियल ड्रग दवा करोना बीमारी में उपयोगी नहीं है।







54. उत्तर- किसी वायरस वाले बीमारी के टीका में उसी बीमारी के वायरस को बहुत ही अल्प मात्रा शरीर में दिया जाता है, जिससे कि शरीर उसके प्रति प्रतिरोधक क्षमता उत्पन्न कर सके।

55. उत्तर- करोना बीमारी के अंतर्गत बुखार, थकान उसके लक्षण में आते हैं ।अत: बुखार, थकान अधिक होने पर करोना बीमारी की आशंका होती है।

56. उत्तर- नहीं। करोना बीमारी का लक्षण तुरंत नहीं दिखाई देता है। सामान्य तौर पर संक्रमित होने के 2 दिन से लेकर के 14 दिन के भीतर इसके लक्षण दिखाई देते हैं।

57. उत्तर- मास्क लगाना। अगर करोना बीमारी के दौरान आपस में पास पास बैठे हैं, तो उस दौरान मास्क लगा करके वे उससे प्रभाव या संक्रमण से बच सकते हैं।

58. उत्तर- -अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार करोना बीमारी जल से नहीं फैलता है।

59. उत्तर- कोविड-19

60. उत्तर- करोना वायरस से होने वाली बीमारी का नाम विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोविड-19 दिया।

61. उत्तर- 2 फरवरी २०२० चीन से बाहर कोरोना वायरस के कारण पहली मौत फिलीपींस में हुई थी। यहां 44 साल का एक व्यक्ति वुहान से मनीला आया था। यहां आने के बाद वह बीमार हुआ है और बाद में उसकी मौत हो गई ।

62. उत्तर- प्लास्टिक, प्लास्टिक सतह पर करोना वायरस 72 घंटे तक जीवित रहता है। अत: इस अवधि के दौरान हर प्रकार से उससे बचना चाहिए।

63. उत्तर- अगर किसी व्यक्ति को करोना वायरस संक्रमण हुआ है तो उसका लक्षण दिखने में 2 से लेकर के 14 दिन लग सकते हैं।

64. उत्तर- तांबे की सतह पर कोरोनावायरस सिर्फ 4 घंटे तक जीवित रहता है।

65. उत्तर- कोरोनावायरस मच्छर से नहीं फैलता है।

66. उत्तर- यह सभी करोना बीमारी के लक्षण दिख रहे हैं। अत: इन सभी में करोना बीमारी हो सकती है।

67. उत्तर- आरटी पीसीआर जांच हेतु लिए गए नमूने की सामान्यत: रिपोर्ट 6 से लेकर 8 घंटे के बाद में जाती है।

68. उत्तर- चमगादड़ से कोरोनावायरस के फैलने की आशंका व्यक्त की जाती रही है।

69. उत्तर- कॉपर सतह पर कोरोनावायरस सबसे कम समय तक जीवित रहता है और अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि इस सजा पर वह ४ घंटे से अधिक तक जीवित नहीं रह पाता है।

70. उत्तर- एंटीबॉडी। एंटीजन वह बाहरी पदार्थ है जो कि हमारे शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को एंटीबॉडी पैदा करने के लिए एक्टिवेट करता है। एंटीबॉडी बीमारियों से लड़ने में कारगर साबित होता है। एंटीजन वातावरण में मौजूद कोई भी कारक हो सकता है, जैसे कि कैमिकल, बैक्टीरिया या फिर वायरस।

71. उत्तर- विश्व स्वास्थ्य संगठन अर्थात् डब्ल्यूएचओ जो कि पूरी दुनिया के सभी देशों में स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करता है, उसके वेब पेज पर कोविड-१९ के बारे में सभी प्रकार की सूचनाएं दी जाती हैं।

72. उत्तर- विटामिन सी। करोना बीमारी के दौरान पीड़ित व्यक्ति के लिए विटामिन सी बहुत उपयोगी होता है।

73. उत्तर- एंटीजन-मनुष्य के शरीर में उपस्थित एंटीजन द्वारा ही एंटीबॉडी का निर्माण होता है और यह शरीर में विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता उत्पन्न करता है।

74. उत्तर-यदि व्यक्ति कोविड बीमारी से पीड़ित है तो उस दौरान वह कोविड का टीका नहीं लगवा सकता है और कोविड से स्वस्थ होने के एक निश्चित समय के बाद ही फिर कोविड टीका लगाया जाता है।

75. उत्तर- कोविड पंजीकरण कराने के संदर्भ में व्यक्ति आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस आदि में से कुछ भी दिखा सकता है।


76. उत्तर- विटामिन डी। यदि व्यक्ति हल्के धूप में बैठता है, तो उसके शरीर में विटामिन डी का निर्माण होता है।

77 उत्तर- कोविड-१९ बीमारी जानवरों से नहीं फैलती है।

78. उत्तर- सूर्य से हमें विटामिन डी मिलती है और वह कोविड से लड़ने के लिए उपयोगी होती है।







79. उत्तर- 16 जनवरी 2020 को भारत में कोविड-19 के लिए टीका लगाया जाना आरंभ किया गया।

80. उत्तर- चना हल्दी, लौंग, इलायची आदि का काढ़ा बनाकर के पीते हैं।

81. उत्तर- कोविड बीमारी से बचने के लिए कई उपाय किए गए हैं। इसमें मास्क लगाना, लोगों से दूरी बनाए रखना, सैनिटाइजर का उपयोग करना, टीका लगवाना जैसे उपाय शामिल हैं।

82. उत्तर- भीड़- भाड़ रोकने के लिए धारा १४४ लगाई जाती है, जिससे कि लोग एक जगह पर बड़ी संख्या में न एकत्र हो।

83. उत्तर- - प्लाजमा थेरेपी। इसके अंतर्गत यदि कोई व्यक्ति कोविड-19 बीमारी से संक्रमित होकर स्वस्थ हो जाता है,तो उसके शरीर के एंटीबॉडी को दूसरे कोविड बीमारी से पीड़ित व्यक्ति के शरीर में पहुंचाया जाता है। बाद में इलाज का यह तरीका बंद कर दिया गया।

84. उत्तर- कोविड-19 बीमारी का नाम है।

85. उत्तर- कोविड-19 एंटीबायोटिक से नहीं ठीक होता है।

86. उत्तर- वैसे तो कोविड वायरस से संक्रमित हो जाने के २ दिन से लेकर के १४ दिन के भीतर उसके लक्षण शरीर में दिखने लगते हैं। किंतु यह अवधि छह-सात दिन के भीतर सबसे ज्यादा होती है।

87. उत्तर- को वैक्सीन टीका भारत में बनाया गया है।

88. उत्तर- आरटी पीसीआर टेस्ट कोविड बीमारी की जांच के लिए किया जाता है। यदि कोई व्यक्ति कोविड बीमारी से संक्रमित हुआ रहता है और उसके शरीर में बीमारी का कोई लक्षण नहीं भी दिखता है, तो भी इस टेस्ट के माध्यम से उसकी जानकारी अवश्य मिल जाती है।

89. उत्तर- कोविड-19 बीमारी से ग्रस्त मनुष्य का फेफड़ा इसके वायरस से कितना संक्रमित हुआ है, वह उस व्यक्ति के सीटी स्कैन टेस्ट के माध्यम से ज्ञात हो जाता है।

90. उत्तर- ऑक्सीजन। कोविड-१९ बीमारी से फेफडे़ के संक्रमित हो जाने के कारण से वह सांस सही से नहीं ले पाता और शरीर में ऑक्सीजन की कमी हो जाती है।



91. उत्तर- भारत में १ मई 2021 से 18 वर्ष से ऊपर और 44 वर्ष तक के लोगों के टीका लगाना आरंभ किया गया।।

92. उत्तर- यदि व्यक्त में ऑक्सीजन का लेवल 95 से ऊपर है, तो यह माना जा सकता है कि वह खतरे से बाहर है। किंतु इससे कम और विशेषकर 90 से कम होने पर इस बात की आशंका बढ़ जाती है कि उसे ऑक्सीजन उचित मात्रा में नहीं मिल पा रही है।

93. उत्तर- पल्स रेट हृदय के स्पंदन को बतलाता है। वयस्कों की विश्राम की स्थिति में आदर्श हृदय दर 60-80 धड़कन प्रति मिनट होती है, 60 धड़कन प्रति मिनट से कम होने पर उसे कम स्पंदनता और 100 धड़कन प्रति मिनट से अधिक की दर होने पर हृदिक्षप्रता कहते हैं.

94. उत्तर- ऑक्सीमीटर उपकरण से शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा या स्तर का मापन किया जाता है

95. उत्तर- कोविड बीमारी से बचने के लिए दिया जाने वाले टीके का नाम।

96. उत्तर- हार्ट अटैक की समस्या।

97. उत्तर- बुखार। कोविड-19 बीमारी में रोगी में बुखार का लक्षण सबसे अधिक देखने में आया है।

98. उत्तर- म्यूकरमाइकोसिस।

99. उत्तर- यह टेस्ट आई टी सी पी आर टेस्ट कहलाता है।

100. उत्तर- वह व्यक्ति जिसको पहली बार कोविड-19 का टीका लगाया गया, उसका नाम विलियम शेक्सपियर है।

101. उत्तर- डब्ल्यूएचओ के निदेशक का नाम टेड्रास अधनोम है।

102. उत्तर- म्यूकरमाइकोसिस का नाम ब्लैक फंगस है।


103. उत्तर- स्टेरॉयड का अधिक प्रयोग होने पर मानव की प्रतिरोधक क्षमता घट जाती है।

104. उत्तर- फेफड़ा। निमोनिया बीमारी में फेफड़े में अत्यधिक सूजन हो जाती है।

105. उत्तर- वेंटिलेटर।

106. उत्तर- विटामिन ए। विटामिन ए की कमी से रात में धुँधला दिखाई देता है।





107. उत्तर- जिंक। शरीर में धातु व्यक्ति के शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाती है और उसके विभिन्न रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ जाती है।

108. उत्तर- एक स्वस्थ मनुष्य का तापमान 98.6 डिग्री फारेनहाइट होता है।

109. उत्तर- विटामिन बी।

110. उत्तर- विटामिन बी। यह विटामिन जब शरीर में कम हो जाता है तो फिर मुंह में छाला और ओठ के फटने जैसे लक्षण शरीर में उभर कर सामने आते हैं।

111. उत्तर- विटामिन बी।

112. उत्तर- विटामिन बी

113. उत्तर- विटामिन बी। थायमीन विटामिन बी ग्रुप का एक सदस्य है। यह विटामिन बी१ के नाम से जाना जाता है।

114. उत्तर-विटामिन बी।

115. उत्तर- विटामिन सी। यह विटामिन खट्टे फलों में विशेष तौर पर पाई जाती है। इस विटामिन की कमी से अन्य समस्याओं के साथ त्वचा में झुर्रियां एवं रूखापन उत्पन्न होता है।

116. उत्तर- 1 मिनट में व्यक्ति के दिल की धड़कन की परास 60 से 80 के बीच में होती है।

117. उत्तर- गला। नाक और मुंह से जब करोना वायरस शरीर में प्रवेश करता है तो वह सबसे पहले कुछ दिन गले में रहता है।

118. उत्तर- विटामिन डी। यह विटामिन सूर्य के हल्की धूप में शरीर को प्राप्त होती है। इसलिए हल्की धूप में रहना इस विटामिन का सेवन करने के लिए सलाह दिया जाता है।

119. व्यक्ति का कोविड वायरस के संपर्क में आना और उसके लक्षण का शरीर में प्रकट होने के बीच का जो समय होता है। यह समय 2 दिन से लेकर के 14 दिन का हो सकता है।

120. उत्तर- नाक एवं मुंह के माध्यम से कोरोना वायरस शरीर में प्रवेश करता है।

121. उत्तर- कोरोनावायरस नाक और मुंह के रास्ते गले में कुछ दिन रहता है और उसके पश्चात फेफड़े में जाकर के वह अपनी संख्या बढ़ाता है, जिस कारण से शरीर में उसके लक्षण विभिन्न रूपों में सामने आते हैं।

122. उत्तर- 2 गज की दूरी बनाए रखना कोरोना वायरस से बचने के लिए अति आवश्यक है।

123. उत्तर- 24 मार्च 2020 भारत में पहली बार लॉकडाउन लागू किया गया।

124. उत्तर- कोविड का अधिक असर होने पर व्यक्ति के शरीर में ऑक्सीजन लेवल कम हो जाता है

125. उत्तर- कोविड से संक्रमित व्यक्ति के संपर्क में आए लोगों का पता लगाना जिससे कि उनका भी टेस्ट करके इस बात का पता लगाया जा सके कि कहीं वह भी तो संक्रमित नहीं हुए हैं और यदि संक्रमित हुए हैं तो फिर उनका इलाज किया जा सके।

126. उत्तर- मूल रूप से रूस में बना कोविड का टीका है। यह कोविड बीमारी से बचने के लिए लगाया जाता है।


127. उत्तर- पोस्ट कोविड के अंतर्गत करोना बीमारी के पश्चात स्वस्थ होने के बाद भी कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना रहता है, जिसमें रक्त का थक्का बनना एक महत्वपूर्ण समस्या होती है। इस कारण से हार्ट अटैक की आशंका बढ़ जाती है। अत: व्यक्ति को पूरा सावधान रहना चाहिए और डॉक्टर के सुझाव के अनुसार हर तरह के सतर्कता बरतनी चाहिए।

128. उत्तर- सी। विटामिन सी की कमी से शरीर में स्कर्वी रोग हो जाता है

129. उत्तर- वह बीमारी जिनके लक्षण शरीर में परिलक्षित होते हैं, उन्हें सिंप्टोमेटिक कहते हैं। किंतु वह बीमारी जिनमें शरीर में कोई लक्षण नहीं दिखते हैं, उन्हें असिंप्टोमेटिक कहते हैं। अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि कोविड-19 बीमारी इन दोनों रूपों में पाई जाती है। इनके लक्षण समान तौर पर संक्रमित होने के 2 दिन से लेकर 14 दिन के भीतर दिख जाते हैं। किंतु ऐसा भी देखा गया है कि बिना लक्षण वाले व्यक्ति की जांच में कोविड पॉजिटिव रिपोर्ट आयी।







130. उत्तर- कोविड-१९ बीमारी का पूरा नाम करोना वायरस डिजीज २०१९ रखा गया है। इसे ही संक्षिप्त में कोविड-१९ कहते हैं और कई बार बहुत जगहों पर इसे सिर्फ कोविड ही कहा जाता है, जिसका आशय कोविड-१९ ही होता है। यहां पर १९ संख्या वर्ष २०१९ की द्योतक है। इसी वर्ष यह बीमारी सामने आई।

131. उत्तर- आरटी पीसीआर टेस्ट यानी रिवर्स ट्रांसक्रिप्शन पॉलीमर्स चेन रिएक्शन टेस्ट। इस टेस्ट के जरिए व्यक्ति के शरीर में वायरस का पता लगाया जाता है। इसमें वायरस के आरएनए की जांच की जाती है। जांच के दौरान शरीर के कई हिस्सों से सैंपल लेने की जरूरत पड़ती है। यह नमूने अक्सर नाक और मुंह से लिए जाते हैं।

132. उत्तर- ये एक एंटीवायरल दवा है, जिसे अमेरिका की दवा कंपनी गिलियड साइंसेज ने बनाया है। इसे आज से करीब एक दशक पहले हेपेटाइटिस सी और सांस संबंधी वायरस का इलाज करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इसे कभी बाजार में उतारने की मंजूरी नहीं मिली। लेकिन कोरोना के इस दौर में रेमडेसिविर इंजेक्शन को जीवन रक्षक दवा के रूप में देखा गया।

133. उत्तर- हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्विन (एचसीक्यू)। करोना के इलाज के लिए शुरू में इस दवा का प्रयोग किया गया था। बाद में इसे बंद कर दिया गया क्योंकि इसे कारगर दवा के रूप में नहीं माना गया।

134. उत्तर- ऐसे लोग जो कोरोना संक्रमित देश, प्रदेश अथवा शहर से आए रहते हैं और ये लोग भले ही स्वस्थ हों, लेकिन कोरोना वायरस के कॅरियर अथवा मरीज हो सकते है। इन्हें नजदीकी अस्पताल में जांच कराना चाहिए। इसका वायरस १४ दिन में बढ़ने की आशंका होती है। इसलिए इन लोगों को घर में अलग रहने या आइसोलेट होने की जरूरत है। अगर संबंधित व्यक्ति के पास घर में आइसोलेशन के लिए स्थान नहीं है तो वह क्वारेंटाइन सेंटर में रह सकता है।

135. उत्तर- यह वायरस की संरचना में एकाएक होने वाला परिवर्तन है जिससे कि उसकी संरचना पहले की तरह नहीं रह जाती है और वह एक नए वायरस के रूप में यह सामने आता है। इससे निपटने के लिए फिर नए तौर-तरीके अपनाने पड़ते हैं।

136. उत्तर- ऑक्सीमीटर से शरीर में ऑक्सीजन का स्तर और दिल के धड़कन की दर की जानकारी मिलती है।



137. उत्तर- $SpO_2$ परिधीय केशिका ऑक्सीजन संतृप्ति, रक्त में ऑक्सीजन की मात्रा के एक अनुमान के लिए उपयोग किया जाता है। जो रक्त में ऑक्सीजन युक्त हीमोग्लोबिन की अनुमानित मात्रा को दर्शाता है।

138. उत्तर- कोविड १९ की जांच के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट कराना होता है. जिसमें लिखी सीटी वैल्यू से पता लगता है कि मरीज कोविड पॉजिटिव है या फिर नहीं. कोविड की जांच में सीटी वैल्यू का काफी अहम रोल माना गया है. इसी के जरिए किसी व्यक्ति के कोविड से ग्रसित होने या नहीं होने की पुष्टि होती है. वैज्ञानिक रूप से एक सीटी वैल्यू किसी सैंपल में वायरस की संख्या की जानकारी देती है. डायग्नोस्टिक शब्दों में एक कोविड रिपोर्ट में हमेशा सीटी वैल्यू दी जाती है, जो संदिग्ध मरीज को ये जानकारी देती है कि वो कोविड से संक्रमित है या नहीं और अगर उसमें कोविड के लक्षण हैं तो वो कितने प्रतिशत हैं. आरटी पीसीआर टेस्ट में जब सीटी वैल्यू कम होती है, तो उसका मतलब मरीज की स्थिति ज्यादा गंभीर है. जबकि अगर किसी मरीज की सीटी वैल्यू ३५ होती है तो उसे कोविड से संक्रमित नहीं माना जाता है. सीटी वैल्यू शरीर में मौजूद वायरल लोड को निर्धारित करने में भी मदद करती है. आईसीएमआर के मुताबिक सीटी वैल्यू के लिए वैश्विक रूप से दिया गया कट ऑफ ३५-४० प्रतिशत है. इसलिए अगर किसी व्यक्ति की सीटी वैल्यू ३५ से कम है, तो वो कोविड मरीज के रूप में जाना जाएगा.


139. उत्तर- इसका पूरा नाम सीवियर एक्यूट रेस्पिरेट्री सिंड्रोम (Severe acute respiratory syndrome) है।

140. उत्तर- पीपीएम का पूरा नाम पार्ट्स पर मिलीयन है।

141. उत्तर- यह स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार जब रोग का प्रकोप और अन्य तीव्र सार्वजनिक स्वास्थ्य के खतरे अक्सर अप्रत्याशित होते हैं और जहां कई तरह के उपाय करने की आवश्यकता होती है, वहां इंटरनेशनल हेल्थ रेगुलेशन (आईएचआर) एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रदान करता है। यह सार्वजनिक कार्यक्रमों और आपात स्थितियों से निपटने में देशों के अधिकारों और दायित्वों को परिभाषित करता है। आईएचआर अंतर्राष्ट्रीय कानून का एक ऐसा दस्तावेज है, जिसमें 196 देश कानूनी रूप से बधे हैं, और 194 डब्ल्यूएचओ सदस्य राज्य शामिल हैं।

142. उत्तर- जब आबादी का एक बड़ा हिस्सा बीमारी से ग्रसित हो जाता है और उसमें से कई लोग उससे रिकवर हो जाते हैं तो फिर ऐसे लोगों को दोबारा बीमारी नहीं होती है। हर्ड इम्यूनिटी शुरू होते ही बीमारी का आउटब्रेक होना रुक जाता है।





143. उत्तर- एनएचपी का पूरा नाम नेशनल हेल्थ पोर्टल है। इसे केंद्र सरकार ने आम जनता को एक ही मंच पर हेल्थ संबंधी तमाम जानकारियां देने के लिए शुरू किया है। इस प्रकार केंद्र सरकार द्वारा आम जनता को एक ही मंच पर हेल्थ संबंधी तमाम जानकारियां देने के लिए एक पोर्टल है। इसका पता www.nhp.gov.in है।

144. उत्तर- वैज्ञानिकों के अनुसार, वायरस के K417N म्यूटेशन के कारण नया डेल्टा प्लस वेरिएंट बना है। कोरोना वायरस के स्पाइक प्रोटीन में म्यूटेशन के कारण डेल्टा प्लस वेरिएंट सामने आया है।

145. उत्तर- सितंबर 2020 में यूके में सबसे पहले पाए गए कोरोना वायरस के B-1-1-7 वेरिएंट को अल्फा नाम दिया गया है।

146. उत्तर- सितंबर 2020 में यूके में सबसे पहले पाए गए कोरोना वायरस के B-1-1-7 वेरिएंट को अल्फा नाम दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका में मिले B-1-351 को बीटा नाम दिया गया है। नवंबर 2020 में सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका में पाए गए P-1 वेरिएंट को अब गामा नाम दिया गया है।

147. उत्तर- अल्फा, बीटा, गामा के बाद मार्च 2020 में अमेरिका में मिले वेरिएंट B-1-427/B-1-429 को एपलिसन, अप्रैल 2020 में ब्राजील में पाए गए P-2 को जीटा, कई देशों में मिले B-1-525 वेरिएंट को ईटा, फिलिपींस में मिले P-3 को थीटा, नंवबर 2020 में अमेरिका में मिले B-1-526 को लोटा नाम से जाना जाता है।

148. उत्तर- यह मास्क आसानी से मुंह और नाक पर फिट हो जाता है और बारीक कणों को भी नाक या मुंह में जाने से रोकता है। यह हवा में मौजूद 95 प्रतिशत कणों को रोकने में सक्षम है। इसलिए इसका नाम N95 पड़ा है।

149. उत्तर- भारत का पहला घरेलू देशी टीका भारत बायोटेक द्वारा इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च एवं नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ वायरोलॉजी के सहयोग से विकसित किया गया है।

150. उत्तर- को वैक्सीन और कोविशील्ड

151. उत्तर- तृतीय चरण में टीका लगवाने के लिए लोगों को कोविन प्लेटफॉर्म या आरोग्य सेतु एप पर जाकर वैक्सीन के लिए रजिस्ट्रेशन करना होता है।





**डॉ अरविंद कुमार सिंह,** वर्तमान में- असिस्टेंट प्रोफेसर (जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग, बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, लखनऊ);
पूर्व में -असिस्टेंट प्रोफेसर एवं प्रभारी - पत्रकारिता एवं जनसंचार संस्थान , छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर ,(२००४ से २०१८ तक);

**शिक्षा-** भौतिकी विषय में बीएससी ऑनर्स ,एमजेएमसी , पत्रकारिता और जनसंचार विषय में पीएचडी; संपूर्ण उच्च शिक्षा बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से।विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की यूजीसी नेट एवं जेआरएफ परीक्षा उत्तीर्ण करने के साथ-साथ यूजीसी जेआरएफ एवं एसआरएफ फैलोशिप प्राप्त किया। आरंभ में दैनिक जागरण (वाराणसी) में कई वर्षों तक कार्य करने के पश्चात कुछ अन्य हिंदी एवं अंग्रेजी समाचार पत्रों में अल्पावधि के लिए कार्य किया।आकाशवाणी के विभिन्न केंद्रों से विविध कार्यक्रमों में भागीदारी।१०० से भी अधिक शैक्षिक टीवी कार्यक्रमों के लिए स्क्रिप्ट लेखन, जिनका कि लखनऊ एवं दूरदर्शन एवं ज्ञानदर्शन चौनल से समय-समय पर प्रसारण किया गया।पूर्व में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से यूजीसी फेलो तथा इलाहाबाद विश्वविद्यालय में विजिटिंग एवं लखनऊ विश्वविद्यालय में अतिथि प्रवक्ता के रूप में शिक्षण कार्य किया। विविध प्रकार के शैक्षणिक कार्यक्रमों में भागीदारी एवं व्याख्यान। शोध पत्रों में शोध लेख के अतिरिक्त विभिन्न समाचार पत्रों में लेखन कार्य। लिखी गई पुस्तकें-वेब पत्रकारिता, वेब माध्यम- लेखन एवं पत्रकारिता, इंटरनेट एवं न्यू मीडिया टेक्नोलॉजी, सोशल मीडिया, सोशल- मीडिया- तकनीक एवं प्रभाव, रेडियो प्रोग्राम एवं प्रोडक्शन तकनीक, रेडियो मीडिया- कार्यक्रम प्रसारण टेक्नोलॉजी, रेडियो कार्यक्रम- लेखन एवं प्रसारण, रेडियो पत्रकारिता, फिल्म एवं टीवी स्क्रिप्ट लेखन।
अभी हाल में कोविड जागरूकता हेतु कोविड कविता, कोविड कहानी, कोविड नाटक, कोविड नारे एवं कोविड पहेलकी नाम से ई- बुक का लेखन कार्य
पुरस्कार- उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान,लखनऊ द्धारा बाबू विष्णु राव पराड़कर पुरस्कार से सम्मानित